# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 29.10.2022

**1-थाना कासना पुलिस द्वारा लूट/डकैती के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 25.03.2022 को वादी कुन्दन सिहं पुत्र रामगोपाल निवासी खोडा कॉलोनी, आदर्श नगर, गाजियाबाद द्वारा सफारी गाडी डीएल 8 सीएम 4930 सवार अभियुक्त 1.परविन्दर तेवतिया 2.ऋषभ तेवतिया व एक अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर कर वादी को गन पाईन्ट पर लेकर मारपीट करते हुये अपनी गाडी में बिठाना व वादी के मालिक अमित कुमार मुर्तेजा पुत्र हेमराज मुर्तेजा को ब्रेजा कार एचआर 9ए 9722 के साथ अपहरण कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कासना पर मु0अ0सं0 86/2022 धारा 307,365,395,412 भादवि पंजीकृत किया गया था। थाना कासना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित घटना का कुशल अनावरण करते हुए घटना में लूटी गयी ब्रेजा कार एचआर 9ए 9722 सहित अभियुक्त परविन्दर तेवतिया पुत्र राजवीर ग्राम चिपियाना बुजुर्ग, थाना बिसरख, जिला गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना में शामिल अन्य 04 फरार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

दिनांक 28.10.2022 को उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त ऋषभ तेवतिया पुत्र परमिंदर तेवतिया निवासी ग्राम चिपयाना बुजुर्ग, नियार होशियार फार्म हाउस, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर को सिरसा गोल चक्कर से गिरफ्तार किया गया है।

**अभियुक्त का विवरणः**

ऋषभ तेवतिया पुत्र परमिंदर तेवतिया निवासी ग्राम चिपयाना बुजुर्ग, नियार होशियार फार्म हाउस, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

**अभियोग का विवरणः**

मु0अ0सं0 86/2022 धारा 365,395 भादवि थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।



**2-थाना ईकोटेक 03 पुलिस द्वारा, 02 लुटेरे अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गयी पोलो कार,लूटी गयी 01 मो0सा0, 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस बरामद।**

दिनांक 28.10.2022 को थाना ईकोटेक 03 पुलिस द्वारा 02 लुटेरे अभियुक्तों 1. मनोज पुत्र बर्फचन्द निवासी ग्राम निठारी थाना चोला जनपद बुलन्दशहर 2. साहिल पुत्र यासीन खाँ निवासी ग्राम चौगानपुर थाना इकोटेक 3 जनपद गौतम बुद्ध नगर को चौगानपुर गोल चक्कर के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है।

दिनांक 12.10.2022 को थाना इकोटेक 3 के जलपुरा क्षेत्र से अभियुक्त साहिल ने अपने साथियों सचिन एवं सौरभ के साथ एक मोटर साईकिल होन्डा सीबी साईन जिसका नं0 यूपी 16 सीके 1447 को लूटा गया था तथा लूटी गयी मो0सा0 को मनोज के संरक्षण में उसके घर खडी की गयी थी , जिसके सम्बन्ध में थाना इकोटेक-3 पर एफआईआर पंजीकृत है तथा दिनांक 20.10.2022 को थाना इकोटेक 3 के मिलेनियम स्कूल के पास से अभियुक्त साहिल ने अपने साथियों सचिन एवं आबिद के साथ एक पोलो कार जिसका नं0 यूपी 16 एवी 9262 को लूटी गयी थी अभियुक्तों द्वारा लूटी गयी कार को भी अभियुक्त मनोज के संरक्षण में मनोज के घर खडी की गयी थी जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 434/2022 धारा 342/392 भादवि पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने यह भी बताया कि लूटी गयी पोलो कार से वह बडी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे,नोएडा पुलिस लगातार हमारा पीछा कर रही थी जिसके डर से हमने लूटी गयी कार को थाना ककौड क्षेत्र जनपद बुलंदशहर में जला दिया था तथा अभियुक्तो के कब्जे से लूटी गयी मो0सा0 होन्डा सीबी साईन नं0 यूपी 16 सीके 1447 को बरामद किया गया है, लूटे गये मोबाइल फोन से पेटीएम के माध्यम से पैसो विभिन्न जगह ग्राम लडपुरा, दनकौर रेलवे स्टेशन, दत्तावली वैर आदि जगहो से जनसेवा केन्द्र पर स्कैन करके निकाल लिये थे।

**अभियुक्तों का विवरणः**

1. मनोज पुत्र बर्फचन्द निवासी ग्राम निठारी थाना चोला जनपद बुलन्दशहर

2. साहिल पुत्र यासीन खाँ निवासी ग्राम चौगानपुर थाना इकोटेक 3 जनपद गौतम बुद्ध नगर

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 434/2022 धारा 342/392 भादवि बनाम मनोज व साहिल उपरोक्त

2.मु0अ0सं0 429/2022 धारा 392/411 भादवि बनाम मनोज व साहिल उपरोक्त

3.मु0अ0सं0 444/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम साहिल उपरोक्त

4.मु0अ0सं0 89/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सै0 126 गौतम बुद्ध नगर बनाम साहिल

5.मु0अ0सं0 91/2022 धारा 398/401 भादवि थाना सै0 126 गौतम बुद्ध नगर बनाम साहिल

6.मु0अ0सं0 55/2022 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना इकोटेक 3 गौतम बुद्ध नगर बनाम साहिल

**बरामदगी का विवरण:**

1.लूटी गयी मोटर साईकिल होन्डा सीवी साईन नं0 यूपी 16 सीके 1447

2.लूटी गयी पोलो कार नं0 यूपी 16 एवी 9262 जो जली हुई अवस्था में थाना ककोड़ क्षेत्र में बरामद

3. 01 तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस



**3-थाना बिसरख पुलिस द्वारा, कार का शीशा तोडकर लैपटॉप चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 03 लेपटॉप,01तमंचा,01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद।**

दिनांक 29.10.2022 को थाना बिसरख पुलिस द्वारा कार का शीशा तोडकर लैपटॉप चोरी करने वाले अभियुक्त अभि0 सुमित कुमार उर्फ सुमित राणा पुत्र विजय सिह नि0 ग्राम बीघेपुर थाना धौलाना जिला हापुड वर्तमान पता सुमन का मकान रानी लक्ष्मीबाई नगर सुदामापुरी थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद को रिछपाल गढी पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 03 लेपटॉप,01तमंचा,01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है।

**अभियुक्त का विवरण-**

सुमित कुमार उर्फ सुमित राणा पुत्र विजय सिह नि0 ग्राम बीघेपुर थाना धौलाना जिला हापुड वर्तमान पता सुमन का मकान रानी लक्ष्मीबाई नगर सुदामापुरी थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1. मु0अ0सं0 699/2022 धारा 379/427/411 भादवि थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

2. मु0अ0सं0 701/2022 धारा 411/414 भादवि थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

3. मु0अ0सं0 702/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

4.मु0अ0सं0 745/2020 धारा 328/342/384/389भादवि थाना विजयनगर गाजियाबाद

5.मु0अ0सं0 12/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सुरजपुर गौतमबुद्धनगर

6.मु0अ0सं0 12/2021 धारा 395/412/120बी भादवि थाना सुरजपुर गौतमबुद्धनगर

7. मु0अ0सं0 30/2021 धारा 307 भादवि थाना सुरजपुर गौतमबुद्धनगर

8.मु0अ0सं0 167/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना धौलाना जनपद हापुड

9. मु0अ0सं0 168/19 धारा 420/411 भादवि थाना धौलाना जनपद हापुड

10. मु0अ0सं0 87/17 धारा 147/307/323/504/506 भादवि थाना धौलाना जनपद हापुड

बरामदगी का विवरण-

1. 01 लैपटॉप एचपी कम्पनी रंग सिल्वर जिसकी बॉडी पर SN # 5CD2068P7B अंकित है ।

2. 01 लेपटाप डैल कम्पनी का सिल्वर रंग का DELL Reg-Model:P137G101 अंकित है ।

3. 01 लेपटॉप चोरी का Lenovo कम्पनी का काले रंग का जिसकी बैट्री पर COMPLIANCE ID:TP00069B तथा 11S45N1128Z1ZW5173E18V अंकित है ।

4. 01 तमन्चा मय 01 जिन्दा कार0 315 बोर



**4- थाना सेक्टर 49 पुलिस द्वारा 10,000/-रुपये का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 29.10.2022 को थाना सेक्टर 49 नोएडा पुलिस द्वारा मु0अ0स0 912/2020 धारा 2/3 गैगस्टर अधि0 के अंतर्गत अपने साथियो के साथ फर्जी व कुटरचित दस्तावेज व फर्जी डी0डी0 तैयार कर विधुत विभाग के साथ घोखाधडी करने की घटना कारित करने वाला वांछित अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी गांव कोलाम्बा थाना हरनोत जिला नालंदा बिहार वर्तमान पता सी-1/8 न्यू अशोक नगर थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली को न्यु अशोक नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

**अभियुक्त का विवरणः**

मनीष कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी गांव कोलाम्बा थाना हरनोत जिला नालंदा बिहार हाल पता सी-1/8 न्यू अशोक नगर थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः**

(1)मु0अ0सं0 912/2020 धारा 2/3 गैगस्टर अधि0 थाना सेक्टर 49 नोएडा गोतमबुद्धनगर।

(2)मु0अ0सं0 153/2020 धारा -420/467/468/471/411/409/120 बी भादवि0 थाना सेक्टर 49 नोएडा ।



**#पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा अभियुक्त 1. फहीमुद्दीन मलिक पुत्र यासीन मलिक उर्फ यासीन तेली 2. देवदत्त उर्फ देवा पुत्र राम आसरे 3. सिद्धार्थ महरोत्रा पुत्र अशोक उर्फ आलोक महरोत्रा के विरूद्ध 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही के आदेश पारित किये गये ।**

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है । इस कड़ी में पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के अंतर्गत अभियुक्त 1. फहीमुद्दीन मलिक पुत्र यासीन मलिक उर्फ यासीन तेली निवासी कस्बा व थाना गुलावठी जिला बुलन्दशहर हाल पता म0नं0 376 दीपक बिहार खोडा कालोनी जनपद गाजियाबाद सम्बन्धित अ0सं0 568/20 अंतर्गत धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम-1986, चालानी थाना- फेस-2 नोएडा 2. देवदत्त उर्फ देवा पुत्र राम आसरे निवासी शमशान घाट भंगेल थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर के द्वारा अवैध रुप से अर्जित निम्न सम्पत्ति को कुर्क किया गया जो अ0सं0 253/22 अंतर्गत धारा 2/3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 से सम्बन्धित है थाना- फेस-2 3. सिद्धार्थ महरोत्रा पुत्र अशोक उर्फ आलोक महरोत्रा निवासी सी 301, ग्राउण्ड फ्लोर सेक्टर 22, थाना सेक्टर 24, नोएडा गौतमबुद्धनगर के द्वारा अवैध रुप से अर्जित निम्न सम्पत्ति को कुर्क किया गया जो अ0सं0 213/22 अंतर्गत धारा 2/3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 से सम्बन्धित है। चालानी थाना- सै0 20 नोएडा ।

**कुर्क की गयी अचल सम्पत्ति का विवरण-**

1.स्विफ्ट कार रजि0 नं0 यूपी 14 डीएन 6903 कुल अनुमानित कीमत- 1 लाख 50 हजार रु0

2.मो0सा0 रोयल इनफिल्ड रजिस्ट्रेशन सं0 UP 16 CR 6616 पंजीकरण 11.11.2020, इंजन नं0 U3S5F1LK606276 व चैसिस नं0 ME3U3S5F1LK744426 कुल अनुमानित कीमत- 85 हजार रु0

3.कार शेवरोले क्रूज वी.सी.डी.आई एल.टी.जेड रजिस्ट्रेशन सं0 DL14 CC 1404 पंजीकरण वर्ष 2015, इंजन नं0 Z20D1337649K व चैसिस नं0 MA6JFDCDFEH001561

कुल अनुमानित कीमत- 6 लाख रु0,जिसकी कुल अचल सम्पत्ति करीब 8 लाख 35 हजार रु0 को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कड़ी कार्यवाही निरंतर स्तर पर जारी रहेगी।

**#पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा एक नई पहल की शुरूआत करते हुये पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 के ऑडिटोरियम में पुलिस उपायुक्त यातायात के नेतृत्व में स्वदेशी मैपल ऐप टीम द्वारा ऐप के सम्बन्ध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मैपल ऐप से आम नागरिकों एवं पुलिस कर्मियों को होने वाले लाभ के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया।**

दिनांक 29.10.2022 को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह के निर्देशन में गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा एक नई पहल की शुरूआत करते हुये पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 में डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद के नेतृृत्व में स्वदेशी मैपल एप के सम्बन्ध में मैप माय इंडिया की टीम द्वारा पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें टीम लीडर रोहन वर्मा के साथ,परिणिता जी, जितेंद्र जी व इनके अन्य साथियों द्वारा पुलिस कर्मियों को मैपल ऐप के उपयोग व इसके लाभ के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य टेक्नोलॉजी के युग में आप किसी शहर के लिए यात्रा करते हैं तो आप गूगल मैप का प्रयोग करते हैं मैप माय इंडिया जिसमें यात्रा के दौरान ट्रेफिक कंजेशन ,एक्सीडेंट ,रोड का प्रकार जैसे ब्रेकर गड्ढे और यात्रा के दौरान रोड पर पड़ने वाले सभी टोल का विवरण पहले से ही उपलब्ध रहता है तथा टोल पर लगने वाला चार्ज भी पता चल जाता है और गाड़ी की स्पीड भी आप अपने नए नेवीगेशन में स्वयं निर्धारण कर सकते हैं और आगे आने वाले कैमरा पर होने वाले चालान से भी बचा जा

सकता है सभी नागरिकों और यात्रियों को बेहतर वॉयस नेविगेशन, ट्रैफिक और सुरक्षा के लिए फ्री और स्वदेशी मैपल ऐप का इस्तेमाल करना चाहिए

यूपी पुलिस द्वारा नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक सटीक और सुरक्षित नेविगेशन के लिए मुफ्त, स्वदेशी मैपल मैप्स और नेविगेशन ऐप को डाउनलोड कर उसे उपयोग करें और मैप पर यातायात और सुरक्षा रिपोर्ट करे, जिस पर गौतमबुद्धनगर पुलिस कार्रवाई करेगी तथा यातायात के प्रवाह में सुधार करेगी और उपयोगकर्ताओं को वर्तमान सड़क गति सीमा, दुर्घटना संभावित क्षेत्र, तेज मोड़, स्पीड ब्रेकर, गड्ढे आदि के प्रति सचेत करके दुर्घटनाओं को कम करेगी। इस कार्यक्रम में हैलमेट मेंन के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले श्री राघवेंद्र कुमार द्वारा कार्यक्रम में शिरकत कर नागरिकों को स्मार्ट रोड यूजर बनने के लिये प्रेरित किया।

मैपल्स एक स्वतंत्र, स्वदेशी ऐप है, जो कि यूपी पुलिस की प्रणालियों और प्रक्रियाओं के साथ एकीकृत है जो कि पुलिस के साथ मिलकर उन्हें रीयल-टाइम ट्रैफ़िक और सुरक्षा अलर्ट देगा। उपयोगकर्ता फीडबैक भी पोस्ट कर सकते हैं और मैप्स पर यातायात, सुरक्षा और अन्य सामुदायिक मुद्दों को सचेत कर सकते हैं। मैपमायइंडिया मैपल्स एक मुफ़्त स्वदेशी ऐप है, जो अत्यधिक विस्तृत और सटीक डिजिटल मैप्स और रीयल-टाइम नेविगेशन जानकारी के साथ एकीकृत है। ऐप सार्वजनिक उपयोग के लिए सभी ट्रैफिक एडवाइजरी, नोटिफिकेशन, सुरक्षा अलर्ट को सम्मिलित करेगा, जनता को किसी भी ट्रैफिक / सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर प्रतिक्रिया साझा करने में मदद करेगा।

यूपी पुलिस और मैपमायइंडिया के बीच एमओयू, और मैपल्स ऐप का उपयोग करने के कुछ लाभ

1. मैपल्स ऐप के साथ दैनिक यातायात सलाह जैसे जुलूस, विरोध, रैलियां, वीआईपी मूवमेंट, सड़क बंद, डायवर्जन का एकीकरण।

सड़क सुरक्षा जानकारी जैसे ब्लैकस्पॉट, खतरनाक मोड़, अद्यतन गति सीमा, दुर्घटना संभावित क्षेत्र आदि का एकीकरण।

2. मैपमायइंडिया मैपल्स के ट्रैफिक इवेंट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म के माध्यम से इन आयोजनों की पोस्टिंग।

3. मैप्स पर सरकारी सेवाओं के आस-पास का स्थान देखे।

4. आगमन के अनुमानित समय और दो चयनित स्थानों के बीच की दूरी के साथ मार्ग विकल्प देखे।

5. पीओआइ नेविगेशन की मदद से उपयोगकर्ता वांछित स्थान पर आसनी से पहुच सकते हैं।

6. मैपल्स ऐप के माध्यम से यातायात से संबंधित मुद्दों जैसे गति, पार्किंग क्षेत्र, जलभराव, सड़क की स्थिति और खतरे, ग्रिड लॉक, ट्रैफिक लाइट की विफलता, दुर्घटना आदि की रिपोर्ट करें।

7. वास्तविक समय में ट्रैफिक पुलिस को अलर्ट के रूप में भीड़भाड़, दुर्घटनाओं, दंगों जैसी घटनाओं पर गतिशील जानकारी।

आपातकालीन सेवाओं के लिए घटना स्थल/गंतव्य तक पहुंचने के लिए घटना स्थान ट्रैकिंग और सबसे तेज़ मार्ग विकल्प देख सकते हैं।

8. पूरे उत्तर प्रदेश में यातायात की स्थिति के विजुअलाइज़ेशन के लिए डैशबोर्ड उपलब्ध है।

9. सड़कों पर लागू गति सीमाएं ऐप पे देख सकते हैं।

10. उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए निर्दिष्ट पार्किंग क्षेत्र देख सकते हैं।

11. मैपल्स ऐप के साथ एम्बुलेंस की लाइव लोकेशन शेयर की जा सकती है।

